दैनिक भास्कर
अम्बाला भास्कर 05-09-2024

भारतीय मानक ब्यूरो ने वशिष्ठ नगर में खंगाली होम अप्लायंसेस फर्म

अम्बाला | बिना आईएसआई मार्का के बरामद होम एप्लायंसेस के साथ टीम।

भास्कर न्यूज | अम्बाला

भारतीय मानक ब्यूरो की परवाणू शाखा ने बुधवार को वशिष्ठ नगर दयाल बाग स्थित मैसर्ज मधु होम अप्लायंसेस में सर्च एवं बरामदगी की कार्रवाई की। मानक ब्यूरो की टीम को सर्च के दौरान फर्म में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एसओ 5243 (ई) 10 अक्टूबर 2018 का उल्लंघन पाया। टीम को फर्म से तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान परिसर में बड़ी संख्या में घरेलू इलेक्ट्रिक फूड मिक्सर (647) और हैंड हेल्ड ब्लेंडर (278) बिना आईएसआई मार्क के मिले। बिना आईएसआई स्टैंडर्ड के मिले उपकरणों पर बरामदगी की कार्रवाई की गई।